पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2021-2023

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–23] रुड़की, शनिवार, दिनांक 05 नवम्बर, 2022 ई0 (कार्तिक 14, 1944 शक सम्वत्) [संख्या–45

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	—	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान-नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	829–860	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	839–840	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	—	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	—	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	—	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	—	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	535–558	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	—	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

गृह अनुभाग–2

प्रोन्नति / विज्ञप्ति

15 जुलाई, 2022 ई0

संख्या 49878 / XX-2-190 / 2022–1(64) / 2018–उत्तराखण्ड कारागार विभाग में फार्मासिस्ट संवर्ग के अन्तर्गत फार्मासिस्ट पद पर कार्यरत श्री अनिल सिंह सजवाण, को नियमित चयनोपरान्त चीफ फार्मासिस्ट वेतनमान रू0 56,100–1,77,500 (लेवल–10) के रिक्त 01 पद पर कार्यभार ग्रहण किए जाने की तिथि से अस्थाई रूप से पदोन्नत करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2–उक्त पदोन्नति के फलस्वरूप श्री अनिल सजवाण को 02 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रखा जाता है।

3–चीफ फार्मासिस्ट के पद पर पदोन्नति के फलस्वरूप श्री सजवाण द्वारा उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान जिला कारागार, देहरादून में कार्यभार ग्रहण किया जायेगा।

श्री सजवाण, कार्यभार ग्रहण किये जाने की सूचना महानिरीक्षक कारागार के माध्यम से शासन को उपलब्ध करायेंगे।

आज्ञा से,

राधा रतूड़ी,
अपर मुख्य सचिव।

गृह अनुभाग–04

अधिसूचना

17 अगस्त, 2022 ई0

संख्या I / 56691 / XX-4 / 2022–भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (Prevention of Corruption Act, 1988) के अध्याय–2, धारा–3 के अनुसार सी0आर0पी0सी0 की धारा–11 के अन्तर्गत साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन, देहरादून (गढवाल परिक्षेत्र) में पंजीकृत अभियोगों के विचारण हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट–II, देहरादून को विशेष न्यायालय (Special Court) के न्यायाधीश के रूप में पदाभिहित किये जाने विषयक शासन की अधिसूचना संख्या–1 / 52168 / XX–4 / 2022, दिनांक 25.07.2022 में आंशिक संशोधन करते हुये साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन, देहरादून (गढ़वाल परिक्षेत्र) में पंजीकृत अभियोगों के विचारण हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट–I, देहरादून को विशेष न्यायालय (Special Court) के न्यायाधीश के रूप में पदाभिहित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

आज्ञा से,

राधा रतूड़ी,
अपर मुख्य सचिव।

गृह अनुभाग–1

कार्यालय ज्ञाप

31 अगस्त, 2022 ई0

संख्या 981/XX-1-2022–2(31)2003–उत्तराखण्ड पुलिस विभाग के अन्तर्गत भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1954 के नियम–4(2) के द्वितीय परन्तुक में प्रदत्त शक्तियों के अधीन, भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग में अस्थायी वृद्धि के रूप में, अपर पुलिस महानिदेशक, वेतन मैट्रिक्स में स्तर–15 का 01 पद, दिनांक 01.01.2023 से एक वर्ष के लिए अस्थायी रूप से सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2–उक्तानुसार सृजित अस्थायी पद के कर्तव्य एवं दायित्व संवर्गीय पदों के समान होंगे तथा उक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नत होने वाले अधिकारी की पदोन्नति, सेवानिवृत्ति, मृत्यु अथवा अन्य कारणों से रिक्त होने की दशा में उक्त पद स्वतः समाप्त समझे जायेंगे।

कार्यालय ज्ञाप

31 अगस्त, 2022 ई0

संख्या 982/XX-1-2022–2(31)2003–उत्तराखण्ड पुलिस विभाग के अन्तर्गत भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1954 के नियम–4(2) के द्वितीय परन्तुक में प्रदत्त शक्तियों के अधीन, भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग में अस्थायी वृद्धि के रूप में, पुलिस महानिरीक्षक, वेतन मैट्रिक्स में स्तर–14 के 03 पद, दिनांक 01.01.2023 से एक वर्ष के लिए अस्थायी रूप से सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2–उक्तानुसार सृजित अस्थायी पद के कर्तव्य एवं दायित्व संवर्गीय पदों के समान होंगे तथा उक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नत होने वाले अधिकारी की पदोन्नति, सेवानिवृत्ति, मृत्यु अथवा अन्य कारणों से रिक्त होने की दशा में उक्त पद स्वतः समाप्त समझे जायेंगे।

आज्ञा से,

राधा रतूड़ी,
अपर मुख्य सचिव।

गृह अनुभाग–1

अधिसूचना

20 अक्टूबर, 2022 ई0

संख्या 1154/XX-1/2022–01(15) 2021 टी.सी.–राज्यपाल, उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 (अधिनियम संख्या 1, वर्ष 2008) की धारा 87 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, उत्तराखण्ड पुलिस उप निरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना) सेवा नियमावली, 2018 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड पुलिस उप निरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना) सेवा (संशोधन) नियमावली, 2022

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम "उत्तराखण्ड पुलिस उप निरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना) सेवा (संशोधन) नियमावली, 2022" है।
(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम 3 का संशोधन

उत्तराखण्ड पुलिस उप निरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना) सेवा नियमावली, 2018 (जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल नियमावली कहा गया है), में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 3 के उपनियम (ट) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिये गये नियम रख दिये जायेंगें, अर्थात:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ट) "चयन आयोग" से उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अभिप्रेत है।	(ट) चयन आयोग से राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत संस्था/आयोग अभिप्रेत है।

नियम 5 का संशोधन

2. मूल नियमावली के नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 5 के उप नियम–(अ)(1), उपनियम–(अ)(2) एवं उपनियम–(अ)(2)(क) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा अर्थात:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(अ)(1) पचास (प्रतिशत) पदों को उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।	(अ)(1) पचास (प्रतिशत) पदों को राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत संस्था/आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।
(अ)(2) पचास (50) प्रतिशत पदों को अनुपयुक्त को छोड़कर ज्येष्ठता क आधार पर पदोन्नति	(अ)(2) पचास (50) प्रतिशत पदों को अनुपयुक्त को छोड़कर ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति के माध्यम से

के माध्यम से निम्नलिखित पात्रता शर्तों को पूर्ण करने वाले नागरिक पुलिस/अभिसूचना के पुरूष/महिला मुख्य आरक्षी से संवर्गवार पदोन्नति द्वारा।	निम्नलिखित पात्रता शर्तों को पूर्ण करने वाले अपर उप निरीक्षक (Additional Sub Inspector) {नागरिक पुलिस/अभिसूचना} से संवर्गवार पदोन्नति द्वारा।
(अ)(2)(क) ऐसे मुख्य आरक्षी, नागरिक पुलिस/अभिसूचना (पुरूष/महिला) जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को मुख्य आरक्षी के पद पर 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।	(अ)(2)(क) ऐसे अपर उप निरीक्षक, नागरिक पुलिस/अभिसूचना (पुरूष/महिला) जिन्होंने चयन वर्ष के प्रथम जुलाई को अपर उप निरीक्षक के पद पर 02 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।

In pursuance of the provisions of clause (3) of article 348 of the "Constitution of India", the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification **No. 1154/XX-1/2022-01(15) 2021 T.C.**, dated October 20, 2022 for general information.

NOTIFICATION

October 20, 2022

No. 1154/XX-1/2022-01(15) 2021 T.C.--In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 87 of the Uttarakhand Police Act, 2008 (Act no. 1 of 2008) the Governor is, in a view to amend the Uttarakhand Police Sub Inspector and Inspector (Civil Police/Intelligence) Service Rules, 2018 makes the following rules:–

The Uttarakhand Police Sub Inspector and Inspector (Civil Police/Intelligence) Service (Amendment) Rules, 2022

Short title, and commencement	1.	(1) These rules may be called the Uttarakhand Police Sub Inspector and Inspector (Civil Police/Intelligence) Service (Amendment) Rules, 2022. (2) It shall come in to force at once.
Amendment of rule 3	2.	In the Uttarakhand Police Sub Inspector and Inspector (Civil Police/Intelligence) Service Rules, 2018 (hereinafter referred to as the principal rules), for the existing clause(k) of rule 3 as set out in column-1 below, the rule as set out in column-2 shall be substituted, namely:

Column 1 **Existing rule**	**Column 2** **Rules here by substituted**
(k) **"Selection Commission"** means The Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission.	(k) **"Selection Commission"** means the Institution/Commission authorized by State Government.

Amendment of rule 5	**3.**	In the principal rules for the existing sub rule (A)(1), sub rule(A)(2) and sub rule(A)(2)(a) of rule 3 as set out in column-1 below the rule as set out in column-2 shall be substituted, namely-

Column 1 **Existing rule**	**Column 2** **Rules here by substituted**
(A)(1). 50 percent post through the Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission by direct recruitment.	(A)(1). 50 percent post through Institution/Commission authorized by State Government by direct recruitment.
(A)(2). 50 percent posts shall be filled by promotion on the basis of departmental examination of such male and female head constable/constable employees of civil police/intelligence fulfilling the following eligibility criteria: -	(A)(2). 50 percent posts shall be filled caderwise by promotion rejecting the unfit on the basis of seniority amongst such Additional Sub Inspector (civil police/intelligence) fulfilling the following eligibility criteria: -
(a) Such male/female constable must have completed five years of service as on the first day of the year of recruitment.	(a) Such male/female constable must have completed 02 years of service as on the first day of the year of recruitment.

अधिसूचना

20 अक्टूबर, 2022 ई0

संख्या 1155/XX-1/2022–01(15) 2021 टी.सी.—राज्यपाल, उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 (अधिनियम संख्या 1, वर्ष 2008) की धारा 3 धारा 87 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी तथा मुख्य आरक्षी (नागरिक पुलिस, अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस) सेवा नियमावली, 2018 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी, मुख्य आरक्षी तथा अपर उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस, अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस) सेवा (संशोधन) नियमावली, 2022

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ 1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी, मुख्य आरक्षी तथा अपर उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस) (संशोधन) सेवा नियमावली, 2022 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नाम में परिवर्तन

2. उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी तथा मुख्य आरक्षी (नागरिक पुलिस, अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस) सेवा नियमावली, 2018 (जिसे आगे मूल नियमावली कहा गया है) के नाम को निम्नवत् प्रतिस्थापित कर दिया जायेगा, अर्थात्

"उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी, मुख्य आरक्षी तथा अपर उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस) सेवा नियमावली, 2018"

नियम 2 का संशोधन

3. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 2 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
2. उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी तथा मुख्य आरक्षी सेवा ऐसी सेवा है, जिसमें समूह "ग" के पद समाविष्ट हैं।	2. उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी, मुख्य आरक्षी तथा अपर उप निरीक्षक सेवा ऐसी सेवा है, जिसमें समूह "ग" के पद समाविष्ट हैं।

नियम 3 का संशोधन

4. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 3 के उपनियम (ट) एव (ड) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
3(ट) "सेवा" से उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी तथा मुख्य आरक्षी सेवा अभिप्रेत है, (ड) "चयन आयोग" से उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अभिप्रेत है।	3(ट) "सेवा" से उत्तराखण्ड पुलिस आरक्षी, मुख्य आरक्षी तथा अपर उप निरीक्षक सेवा अभिप्रेत है, (ड) "चयन आयोग" से राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत संस्था/आयोग अभिप्रेत है।

नियम 5 का संशोधन

5. मूल नियमावली में नियम 5 के उपनियम (2) के पश्चात् नया उप नियम (3) को निम्नलिखित रूप से अन्तःस्थापित कर दिया जाएगा, अर्थात्:–

"(3) अपर उप निरीक्षकः–

अपर उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस (पुरूष/महिला)/ अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस) के रिक्त पदों पर शत्–प्रतिशत ज्येष्ठता के आधार पर अनुपयुक्तों को छोड़कर संवर्गवार ऐसे मुख्य आरक्षी (नागरिक पुलिस (पुरूष/महिला)/अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस) पदोन्नति हेतु अर्ह होंगे, जो चयन वर्ष के प्रथम जुलाई को मुख्य आरक्षी के पद पर 02 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके हों।"

नियम 13 का संशोधन

6. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 13 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
सीधी भर्ती के लिए रिक्तियाँ, निम्नलिखित रीति से अधिसूचित की जायेगी:– (एक) व्यापक परिचालन वाले कम से कम 02 दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन जारी करके: (दो) कार्यालय के सूचना–पट्ट पर नोटिस चस्पा करके या रेडियो/दूरदर्शन और अन्य रोजगार समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन द्वारा: (तीन)रोजगार कार्यालय को रिक्तियों अधिसूचित करके।	रिक्तियों की अवधारणा के सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तयों की संख्या नियम–6 के अधीन उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अन्य श्रेणी के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा और उसकी सूचना राज्य सरकार द्वारा भर्ती हेतु प्राधिकृत संस्था/आयोग को देगा।

नियम 24 का संशोधन

7. मूल नियमावली में नियम 24 के खण्ड (ख) के पश्चात् नये खण्ड (ग) एवं (घ) को निम्नलिखित रूप से अन्तःस्थापित कर दिया जाएगा, अर्थात्:–

(ग) अपर उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस (पुरूष/महिला)/अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस के रिक्त पदों पर शत्– प्रतिशत ज्येष्ठता के आधार पर अनुपयुक्तों को छोड़कर संवर्गवार ऐसे मुख्य आरक्षी (नागरिक पुलिस (पुरूष/महिला)/ अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस) पदोन्नति हेतु अर्ह होंगे जो चयन वर्ष के प्रथम जुलाई को मुख्य आरक्षी के पद पर 02 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके हों।
(घ) अपर उप निरीक्षक के रिक्त पदों पर शत् प्रतिशत पदोन्नति अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर परिशिष्ट–7 में दी गयी प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा।

नियम 25 का संशोधन

8. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 25 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
25. ऐसे प्रशिक्षित मुख्य आरक्षी, जिन्होने मौलिक पद (आरक्षी के पद की सेवा को मिलाकर) के सन्दर्भ में 16 वर्ष की नियमित संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली है और जिन्हे उप निरीक्षक के पद के समकक्ष वेतनमान स्वीकृत हो चुका है को मुख्य आरक्षी (प्रोन्नत वेतनमान) का पदनाम दिया जायेगा। मुख्य आरक्षी (प्रोन्नत वेतनमान), सहायक उपनिरीक्षक (एम) की भांति वर्दी धारण करेंगे एवं कार्यो का निर्धारण विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जायेगा।	25. अपर उप निरीक्षक की वर्दी एवं कार्यों का निर्धारणः– अपर उपनिरीक्षक पदधारक उपनिरीक्षक की भॉति वर्दी धारण करेंगे परन्तु सीटी एवं डोरी काले रंग की होगी। अपर उप निरीक्षक पदधारकों के कार्यो का निर्धारण विभागाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा।

नियम 27 का संशोधन

9. मूल नियमावली में नियम 27 के खण्ड (ग) के पश्चात् नये खण्ड (घ) एवं (ड) को निम्नलिखित रूप से अन्तःस्थापित कर दिया जाएगा, अर्थात्:–

"(घ) एक ही चयन वर्ष में विभागीय चयन परीक्षा से नियुक्त मुख्य आरक्षी एवं ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नत मुख्य आरक्षी (नागरिक पुलिस/अभिसूचना /सशस्त्र पुलिस) की संवर्गवार ज्येष्ठता जहां तक हो सके दोनों स्रोतों के लिये निहित कोटा के अनुसार चक्रानुक्रम (प्रथम स्थान ज्येष्ठता से पदोन्नत व्यक्ति का होगा) में निर्धारित की जायेगी।
(ड़) अपर उपनिरीक्षक की ज्येष्ठता मुख्य आरक्षी पद पर निर्धारित संवर्गवार अंतिम ज्येष्ठता के अनुसार रहेगी।"

नियम 28 का संशोधन

10. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 28 के उप नियम (क) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1
विद्यमान नियम

28(क) मुख्य आरक्षी तथा आरक्षी (नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना)

पदनाम	वेतनमान
मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस (पुरूष)	रू0 25500–81100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–4
मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस (महिला)	रू0 25500–81100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–4
मुख्य आरक्षी अभिसूचना	रू0 25500–81100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–4
आरक्षी नागरिक पुलिस (पुरूष)	रू0 21700–69100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–3
आरक्षी नागरिक पुलिस(महिला)	रू0 21700–69100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–3
आरक्षी अभिसूचना	रू0 21700–69100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–3

(ख) मुख्य आरक्षी तथा आरक्षी (सशस्त्र पुलिस)

पदनाम	वेतनमान
मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस (यातायात, बीडीएस, जल पुलिस आदि)	रू0 25500 – 81100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–4
आरक्षी सशस्त्र पुलिस (यातायात, बीडीएस, जल पुलिस आदि)	रू0 21700–69100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–3

स्तम्भ–2
एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम

28(क) अपर उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी तथा आरक्षी (नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना)

पदनाम	वेतनमान
अपर पुलिस उपनिरीक्षक ना0पु0(पुरूष)	रू0 35400– 112400 वेतन मैट्रिक्स लेवल–6
अपर उपनिरीक्षक ना0पु0(महिला)	रू0 35400– 112400 वेतन मैट्रिक्स लेवल– 6
अपर उपनिरीक्षक अभि0(पुरूष / महिला)	रू0 35400–112400 वेतन मैट्रिक्स लेवल– 6
मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस (पुरूष)	रू0 25500 – 81100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–4
मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस (महिला)	रू0 25500– 81100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–4
मुख्य आरक्षी अभिसूचना	रू0 25500– 81100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–4
आरक्षी नागरिक पुलिस (पुरूष)	रू0 21700– 69100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–3
आरक्षी नागरिक पुलिस(महिला)	रू0 21700– 69100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–3
आरक्षी अभिसूचना	रू0 21700– 69100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–3

(ख) अपर उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी तथा आरक्षी (सशस्त्र पुलिस)

पदनाम	वेतनमान
अपर उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस (यातायात, बीडीएस, जल पुलिस आदि)	रू0 35400– 112400 वेतन मैट्रिक्स लेवल–6
मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस (यातायात, बीडीएस, जल पुलिस आदि)	रू0 25500 – 81100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–4
आरक्षी सशस्त्र पुलिस (यातायात, बीडीएस, जल पुलिस आदि)	रू0 21700–69100 एवं वेतन मैट्रिक्स लेवल–3

नियम 31 का संशोधन

11. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 31 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
31. प्रत्येक आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी का स्वास्थ्य परीक्षण शासन द्वारा निर्गत शासनादेश के अनुसार कराया जाना अनिवार्य होगा। स्वास्थ परीक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नियमों के अनुसार किया जायेगा।	31. प्रत्येक आरक्षी, मुख्य आरक्षी एवं अपर उप निरीक्षक का स्वास्थ्य परीक्षण शासन द्वारा निर्गत शासनादेश के अनुसार कराया जाना अनिवार्य होगा। स्वास्थ परीक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नियमों के अनुसार किया जायेगा।

परिशिष्ट–8 का संशोधन

12. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान परिशिष्ट 8 के प्रस्तर (6) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया प्रस्तर रख दिया जायेगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान परिशिष्ट	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित परिशिष्ट
(6) पदोन्नति आदेश निर्धारित आधारभूत प्रशिक्षण /व्यवहारिक प्रशिक्षण सफलता पूर्वक उत्तीर्ण करने वाले कर्मियों को मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस/ अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने विषयक आदेश मुख्यालय स्तर से निर्गत किये जायेगें।	(8) मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस/ अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस के पद हेतु चयनित आरक्षियों को मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस/ अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस के पद पर पदोन्नति आदेश मुख्यालय स्तर से निर्गत किये जायेगें। तदोपरान्त आधारभूत प्रशिक्षण/व्यवहारिक कराया जायेगा।

परिशिष्ट–7
नियम–24(ग)(घ) देखें
ज्येष्ठता के आधार पर अपर उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस, अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस) के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया

पदोन्नति का आधार	1. पदोन्नति का आधार अनुपयुक्तों को छोड़कर ज्येष्ठता के आधार पर होगा।
काडर विभाजन	2. अभ्यर्थी को भारत सरकार द्वारा अंतिम रूप से उत्तराखण्ड राज्य आवंटित हो गया हो तथा वह वर्तमान समय में उत्तराखण्ड में नियुक्त हो ।
सेवा अभिलेख	3. सेवा अभिलेख विगत 05 वर्षो का संतोषजनक हो, अर्थात प्रतिकूल वार्षिक सन्तव्य अंकित न हो, विगत 05 वर्षो में दीर्घ दण्ड एवं लघु दण्ड से दण्डित न किया गया हो तथा विगत 05 वर्ष में सत्यानिष्ठा न रोकी गयी हो। परन्तु यदि दण्डित कर्मी द्वारा की गई अपील लम्बित हो अथवा अपील करने की अवधि व्यतीत न हुई हो, अथवा किसी कर्मी के विरूद्व विभागीय कार्यवाही प्रचलित/लम्बित हो तथा अभियोग न्यायालय में पंजीकृत/ विवेचनाधीन/ विचाराधीन हो तो ऐसे कार्मिक को भी उक्त पदोन्नति प्रक्रिया में सशर्त सम्मिलित किया जायेगा, लेकिन पदोन्नति प्रक्रिया के मध्य ऐसे कर्मी की अपील निरस्त/अस्वीकृत हो जाती है अथवा विभागीय कार्यवाही/ अभियोग में दण्डित होता है, तो सम्बन्धित कर्मी को उसी स्तर पर चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा। यदि ऐसे कर्मी की अपील/विभागीय कार्यवाही/ अभियोग पदोन्नति प्रक्रिया के दौरान निस्तारित न हो पाये तो लम्बित अपील/विभागीय कार्यवाही/अभियोग के निर्णय की प्रत्याशा में अन्य अभिलेखों के आधार पर उनके सम्बन्ध में विचार किया जायेगा तथा उनका चयन परिणाम लिफाफे में सील–बन्द कर दिया जायेगा। जांच/विभागीय कार्यवाही समाप्त होने या अभियोग में अन्तिम निर्णय होने के उपरान्त ही निर्णय के सादृश्य सम्बन्धित कर्मी का सीलबन्द लिफाफा खोला जायेगा। निलम्बित कर्मियों को भी निर्णय की प्रत्याशा में पदोन्नति प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा।
ज्येष्ठता का निधारण अंतिम ज्येष्ठता के अनुसार रहेगी।	4. अपर उपनिरीक्षक की ज्येष्ठता मुख्य आरक्षी पद पर निर्धारित संवर्गवार
पदोन्नति आदेश	5 अपर उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस के पद पर चयनित मुख्य आरक्षियों को अपर उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस के पद पर पदोन्नत किये जाने विषयक आदेश मुख्यालय स्तर से निर्गत किये जायेंगे। तदोपरान्त आधारभूत प्रशिक्षण/व्याहारिक प्रशिक्षण कराया जायेगा।
प्रशिक्षण	6. अपर उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस, अभिसूचना एवं सशस्त्र पुलिस) के पद पर पदोन्नत कार्मिकों को ऐसा अधारभूत प्रशिक्षण एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण कराया जायेगा जैसा कि विभागाध्यक्ष द्वारा विहित किया जाये।

In pursuance of the provision of clause (3) of article 348 of "the Constitution of India", the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification **No. 1155/XX-1/2022-01(15) 2021 T.C.**, dated October 20, 2022 for general information.

NOTIFICATION

October 20, 2022

No. 1155/XX-1/2022-01(15) 2021 T.C.--In exercise of the powers conferred by section 3 read with sub-section (1) of section 87 of the Uttarakhand Police Act, 2007 (Act no. 1 of 2008), the Governor is makes the following rules with a view to amend the Uttarakhand Police Constable and Head Constable (Civil Police, Intelligence and Armed Police) Service Rules, 2018:--

The Uttarakhand Police Constable, Head Constable and Additional Sub-Inspector (Civil Police, Intelligence and Armed Police) Service (Amendment) Rules, 2022

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttarakhand Police Constable Head Constable and Additional Sub-Inspector (Civil Police, Intelligence and Armed Police) Service (Amendment) Rules, 2022.

(2) It shall come into force at once.

Alteration in name

2. In the Uttarakhand Police Constable and Head Constable (Civil Police, Intelligence and Armed Police) Service Rules, 2018 (hereinafter referred to as the principal rules) shall be substituted the name as follows, namely:-
"Uttarakhand Police Constable and Head Constable and Additional Sub-Inspector (Civil Police, Intelligence and Armed Police) Service Rules, 2018"

Amendment of rule 2

3. In the principal rule, for the existing rule 2 as set out in column-1 below, the rule as set out in column-2 shall be substituted, namely:-

Column 1 Existing rule	Column 2 Rules here by substituted
2. The Uttarakhand Police Constable and Head Constable service is a service comprising Group "C" posts.	2. The Uttarakhand Police Constable, Head Constable and Additional Sub-Inspector service is a service comprising Group "C" posts.

Amendment of rule 3

4. In the principal rule, for the existing sub-rule (k) and (n) of rule 3 as set out in column-1 below, the rule as set out in column-2 shall be substituted, namely:-

Column 1 Existing rule	Column 2 Rules here by substituted
3(k). "Service" means the Uttarakhand Police Constable and Head Constable service; (n) "Selection Commission" means the Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission.	3(k). "Service" means the Uttarakhand Police Constable, Head Constable and Additional Sub-Inspector service; (n) "Selection Commission" means institution/commission authorized by the State Government.

Amendment of rule 5

5. In the principal rule, after ofsub-rule (2) rule 5, a new rule 5(3) shall be inserted as follows, namely:-;

" (3).Cadre wise such Head Constable (Civil Police (Male/Female)/ Intelligence and Armed Police) shall eligible for promotion on the vacant posts of Additional Sub-Inspector (Civil Police (Male/Female)/ Intelligence and Armed Police), who have completed the qualifying service of 2 years on the post of Head Constable on the first day of July of the selection year on the basis of 100 percent by seniority, subject to the rejection of unfit."

Amendment of rule 13

6. In the principal rule, for the existing rule 13 as set out in column-1 below, the rule as set out in column-2 shall be substituted, namely:-

Column 1 Existing rule	Column 2 Rules here by substituted
The vacancies for direct recruitment shall be notified in the following manner:- (i) By making advertisement in at least 02 daily newspaper which has got wide circulation; (ii) By affixing notice on the notice board of each Office and by advertisement through radia/doordarshan and other employment news paper. (iii) By notifying vacancies to employment office.	13. The Appointment Authority shall determine number of vacancies to be filled during the course of the year as also the number of vacancies to be reserved for candidates belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Economically Weaker Sections and Other Categories belonging to State of Uttarakhand under rule 6, the vacancies to be filled inform the institution/commission shall be intimated to them.

Amendment of rule 24

7. In the principal rule, after clause (b) of rule 24, a new clause (c) and (d) shall be inserted as follows, namely:-

"(c) Cadre wise such Head Constable (Civil Police (Male/Female)/ Intelligence and Armed Police) shall eligible for promotion on the vacant posts of Additional Sub-Inspector (Civil Police (Male/Female)/ Intelligence and Armed Police), who have completed the qualifying service of 2 years on the post of Head Constable on the first day of July of the selection year on the basis of 100 percent by seniority, subject to the rejection of unfit.

(d). 100 percent by promotion on the vacant posts Additional Sub-Inspector shall be done as per the procedure given in Appendix 7 on the basis of seniority, subject to the rejection of unfit.

Amendment of rule 25

8. In the principal rule, for the existing rule 25 as set out in column-1 below, the rule as set out in column-2 shall be substituted, namely:-;

Column 1 Existing rule	Column 2 Rules here by substituted
25. Such trained Head Constable who have completed 16 years of regular and satisfactory service in their original post (including their	25. The Additional Sub-Inspector incumbent shall wear the uniform like the Sub-Inspector, but the whistle and string shall be of black colour. Works of

service as constable) who have been sanctioned the pay scale of similar post of Sub-Inspector shall be given the name of Head Constable (promotional pay-scale)
The uniform of Head Constable shall (promotional pay-scale) shall be same as Assistant Sub-Inspector (M) and work shall be determined by the head of department.

Additional Sub-Inspector incumbent shall be determination by the head of department.

Amendment of rule 27

9. In the principal rule, after clause (c) of rule 27, a new clause (d) and (e) shall be inserted as follows, namely:-

"(d). The cadre wise seniority of the Head Constable appointed by the departmental selection examination in the same selection year and the Head Constable (Civil Police/Intelligence/Armed Police) promoted on the basis of seniority, as far as possible, the quota for both the sources shall be determined by rotation (the first place shall be given to the person promoted by seniority).

(e). The Seniority of the Additional Sub-Inspector shall remain as per the final seniority of the cadre wise fixed on the post of Head Constable."

Amendment of rule 28

10. In the principal rule, for the existing rule 28 as set out in column-1 below, the rule as set out in column-2 shall be substituted, namely:-

Column 1

Existing rule

28(a) Head Constable and Constable (Civil Police and Intelligence)

Designation	Pay Scale
Head Constable Civil Police (Male)	Rs. 25500-81100, Pay Matrix Level 4
Head Constable Civil Police (Female)	Rs. 25500-81100, Pay Matrix Level 4
Head Constable Intelligence	Rs. 25500-81100, Pay Matrix Level 4
Constable Civil Police (Male)	Rs. 21700-69100, Pay Matrix Level 3
Constable Civil Police (Female)	Rs. 21700-69100, Pay Matrix Level 3
Constable Intelligence	Rs. 21700-69100, Pay Matrix Level 3

Column 2

Rules here by substituted

28(a) Additional Sub-Inspector , Head Constable and Constable (Civil Police and Intelligence)

Designation	Pay Scale
Additional Sub-Inspector, Civil Police (Male)	Rs. 35400-112400, Pay Matrix Level 6
Additional Sub-Inspector, Civil Police (Female)	Rs. 35400-112400, Pay Matrix Level 6
Additional Sub-Inspector, Intelligence (Male/Female)	Rs. 35400-112400, Pay Matrix Level 6
Head Constable Civil Police (Male)	Rs. 25500-81100, Pay Matrix Level 4
Head Constable Civil Police (Female)	Rs. 25500-81100, Pay Matrix Level 4
Head Constable Intelligence	Rs. 25500-81100, Pay Matrix Level 4
Constable Civil Police (Male)	Rs. 21700-69100, Pay Matrix Level 3
Constable Civil Police (Female	Rs. 21700-69100, Pay Matrix Level 3
Constable Intelligence	Rs. 21700-69100, Pay Matrix Level 3

(b) Head Constable and Constable (Armed Police)

Designation	Pay Scale
Head Constable Armed Police (Traffic, BDS, Jal Police etc.)	Rs. 25500-81100, Pay Matrix Level 4
Constable Armed Police (Traffic, BDS, Jal Police etc.)	Rs. 21700-69100, Pay Matrix Level 3

(b) Additional Sub-Inspector Head Constable and Constable (Armed Police)

Designation	Pay Scale
Additional Sub-Inspector Armed Police (Traffic, BDS, Jal Police etc.)	Rs. 35400-112400, Pay Matrix Level 6
Head Constable Armed Police (Traffic, BDS, Jal Police etc.)	Rs. 25500-81100, Pay Matrix Level 4
Constable Armed Police (Traffic, BDS, Jal Police etc.)	Rs. 21700-69100, Pay Matrix Level 3

Amendment of rule 31

11. In the principal rule, for the existing rule 31 as set out in column-1 below, the rule as set out in column-2 shall be substituted, namely:-

Column 1 Existing rule	Column 2 Rules here by substituted
31. Every Constable and Head Constable shall compulsory go under medical examination according to the Government Order at that time. The medical examination shall be carried out by the Chief Medical Officer under suitable rules.	31. Every Constable, Head Constable and Additional Sub-Inspector shall have to get compulsory medical test as per Government Order issued by Government. Medical test shall be carried out as per rules by the Chief Medical Officer.

Amendment of Appendix- 8

12. In the principal rule, for the existing Para (6) of Appendix 8 as set out in column-1 below, the rule as set out in column-2 shall be substituted, namely:-;

Column 1 Existing rule	Column 2 Rules here by substituted
(6) The order of promotion of the personnel, who has passed the determined basis training/professional training successfully on the post of Head Constable Civil Police/ Intelligence and Armed Police, shall be issued at the Head Quarters level	(6) Selected Constable for the post of Head Constable Civil Police/Intelligence and Armed Police, promotion order to the post of Head Constable Civil Police/Intelligence and Armed Police shall be issued from the headquarters level. Thereafter basic training/practical shall be done.

Appendix-7

(See rule-24(c) (d))

Procedure of promotion on the post of Additional Sub-Inspector (Civil Police, Intelligence and Armed Police) on the basis of seniority

Basis of promotion

1. The promotion shall be made on seniority the basis of rejection of unfit.

Cadre division

2. A candidate has finally allotted the State of Uttarakhand by the Government of India and currently appointed in Uttarakhand.

Service Record

3. The service records for the last 05 years must be satisfactory i.e. no any adverse entry is found to be recorded, no major punishment has been awarded during the last 05 years, no minor punishment has been awarded during the last 05 years and the integrity has not been withheld during the last 05 years:

Provided that personnel against whom any departmental proceedings/ inquiry is pending or offence is registered or any kind of appeal is pending or the period of appeal has not elapsed shall also be conditionally included in the promotion on the basis of seniority, If the personnel's appeal is rejected/cancelled from the middle of the promotion process or is punished in the departmental proceedings/ prosecution, then concerned personnel files any writ petition against them, and concerned personnel is fail to inform regarding filing the writ petition to the department on time, then, he/she shall be excluded from the selection process at that level, If the candidate's appeal / departmental proceedings / writ petition is not disposed of during the examination promotion process, his promotion result will be sealed in the envelope in anticipation of the decision of the pending appeal departmental proceedings. Only after the appeal/departmental proceedings are over or the final decision is taken in the case, the sealed envelope of the concerned personnel shall be opened, corresponding to the decision. Suspended personnel shall also be included in the promotion process in anticipation of the decision.

Determination of Seniority

4. Seniority of Additional Platoon Commander shall be as per seniority finally determined on the post of Head Constable.

Order of Promotion

5. On the post of Additional Sub-Inspector (Civil Police, Intelligence and Armed Police), to Head Constable selected for subject to promotional order on the post of Additional Sub-Inspector (Civil Police, Intelligence and Armed Police) shall be issued by headquarters level. After that basic training/practical training shall be given.

Training

6. Personnel promoted on the post of Additional Sub-Inspector (Civil Police, Intelligence and Armed Police)shall be given such basic training and practical training as may be prescribed by the head of department.

अधिसूचना

प्रकीर्ण

20 अक्टूबर, 2022 ई0

संख्या 1156/XX-1/2022–01(15) 2021 टी.सी.–राज्यपाल, उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 (अधिनियम संख्या 1, वर्ष 2008) की धारा 13 सपठित धारा 87 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उत्तराखण्ड प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली, 2019 (समय–समय पर यथा संशोधित) में अग्रेत्तर संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा (संशोधन) नियमावली, 2022

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ 1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम "उत्तराखण्ड प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा (संशोधन) नियमावली, 2022" है।
(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम 2 का संशोधन 2. उत्तराखण्ड प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली, 2019 (जिसे यहां आगे मूल नियमावली कहा गया है) में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 2 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
उत्तराखण्ड प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी (पीएसी/आईआरबी) आरक्षी, मुख्य आरक्षी, गुल्मनायक, उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस, दलनायक एवं प्रतिसार निरीक्षक अधीनस्थ सेवा है, जिसमें समूह–ग के पद समाविष्ट हैं।	उत्तराखण्ड प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी (पीएसी एवं आईआरबी) आरक्षी, मुख्य आरक्षी, अपर गुल्मनायक, गुल्मनायक, उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस, दलनायक एवं प्रतिसार निरीक्षक अधीनस्थ सेवा है, जिसमें समूह–ग के पद समाविष्ट हैं।

नियम 3 का संशोधन 3. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 3 के खण्ड (ल) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ल) "चयन आयोग" से उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से अभिप्रेत है।	(ल) "चयन आयोग" से राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत संस्था/आयोग अभिप्रेत है।

नियम 5 का संशोधन 4. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 5 के उपनियम (ग) को निम्नानुसार अन्तःस्थापित एवं पूर्व नियम 5(ग) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा अर्थात्:–

"5(ग) अपर गुल्मनायक पीएसी/आईआरबी के रिक्त पदों पर शत्–प्रतिशत् ज्येष्ठता के आधार पर अनुपयुक्तों को छोड़कर संवर्गवार ऐसे मुख्य आरक्षी (पीएसी/आईआरबी) पदोन्नति हेतु अर्ह होंगे, जो चयन वर्ष की प्रथम जुलाई को मुख्य आरक्षी पीएसी/आईआरबी के पद पर 2 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके हों।"

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
5(ग) गुल्मनायक (1) पचास (50) प्रतिशत पदों को उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरा जायेगा।	5(घ)(1) गुल्मनायक पचास (50) प्रतिशत पदों को राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत संस्था के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरा जायेगा।
(2) पचास (50) प्रतिशत पदों को अनुपयुक्त को छोडकर ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति के माध्यम से निम्नलिखित पात्रता शर्तों को पूर्ण करने वाले पी0ए0सी0 (पुरूष/महिला), आई0आर0बी0 एवं स0पु0 के मुख्य आरक्षी से संवर्गवार पदोन्नति द्वारा भरा जायेगा। क– ऐसे मुख्य आरक्षी (पुरूष/महिला) जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को मुख्य आरक्षी के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।	(2) पचास (50) प्रतिशत पदों को अनुपयुक्तों को छोड़कर ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति के माध्यम से निम्नलिखित पात्रता शर्तों को पूर्ण करने वाले पी0ए0सी0 (पुरूष/ महिला), आई0आर0बी0 के अपर गुल्मनायक एवं सशस्त्र पुलिस के अपर उप निरीक्षक से संवर्गवार पदोन्नति द्वारा भरा जायेगा। (क) ऐसे अपर गुल्मनायक पीएसी /आईआरबी जिन्होंने चयन वर्ष की प्रथम जुलाई को अपर गुल्मनायक के पद पर 2 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर ली हो।

नियम 7 का संशोधन

5. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 7 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
7. रिक्तियों की अवधारणा– सीधी भर्ती के लिए रिक्तियाँ, निम्नलिखित रीति से अधिसूचित की जायेगी– (एक) व्यापक परिचालन वाले कम से कम 02 दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन जारी करके (दो) कार्यालय के सूचना–पट्ट पर नोटिस चस्पा करके या रेडियो/ दूरदर्शन और अन्य रोजगार समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन द्वारा (तीन)रोजगार कार्यालय को रिक्तियों की सूचना देकर।	7. रिक्तियों की अवधारणा– रिक्तियों की अवधारणा के सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या नियम–6 के अधीन उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य श्रेणी के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा और उसकी सूचना राज्य सरकार द्वारा भर्ती हेतु प्राधिकृत संस्था/आयोग को देगा।

नियम 22 का संशोधन

6. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 22 के खण्ड (ख) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम एवं खण्ड (ग) एवं (घ) को निम्नानुसार अन्तःस्थापित कर दिया जायेगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ख) पीएसी में स्वीकृत महिला कम्पनियों में महिला दलनायक, महिला गुल्मनायक एवं महिला मुख्य आरक्षियों की पदोन्नति पीएसी की महिला अभ्यर्थियों से ही की जायेगी : परन्तु यह कि दलनायक की पदोन्नति हेतु महिला प्लाटून कमाण्डर भी ज्येष्ठता के आधार पर पुरूष कमाण्डर की भांति पात्र होंगी।	(ख) पीएसी में स्वीकृत महिला कम्पनियों में महिला दलनायक, महिला गुल्मनायक, महिला अपर गुल्मनायक एवं महिला मुख्य आरक्षियों की पदोन्नति पीएसी की महिला अभ्यर्थियों से ही की जायेगी : परन्तु यह कि दलनायक की पदोन्नति हेतु महिला प्लाटून कमाण्डर भी ज्येष्ठता के आधार पर पुरूष कमाण्डर की भांति पात्र होंगी। (ग) अपर गुल्मनायक पीएसी/आईआरबी के रिक्त पदों पर शत्–प्रतिशत् ज्येष्ठता के आधार पर अनुपयुक्तों को छोड़कर संवर्गवार ऐसे मुख्य आरक्षी (पीएसी/आईआरबी) पदोन्नति हेतु अर्ह होंगे, जो चयन वर्ष की प्रथम जुलाई को मुख्य आरक्षी पीएसी/आईआरबी के पद पर 2 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके हों। (घ) अपर गुल्मनायक के रिक्त पदों पर शत् प्रतिशत पदोन्नति अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर परिशिष्ट–12 में दी गयी प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा।

नियम 23 का संशोधन 7. मूल नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 23 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
